Import and sale of drugs in Delhi

2594. **SHRI SHIV PRATAP MISHRA** : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) Whether it is a fact that a large scale racket in the import and sale of drugs in Delhi has been found recently; and

(b) if so, the details thereof and the action taken by Government in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY) : (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

दिल्ली क्लाथ मिल्स के शेयर

2595. **श्री राम नरेश यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जम्मू स्थित कंपनियों, नामतः लिली, रेन्जर्स, वेसूनेडा और एवर ग्रीन द्वारा दिल्ली क्लाथ मिल्स और सहयोगी कंपनियों के शेयर खरीदे गए;

(ख) यदि हां, तो इन कंपनियों द्वारा कितने शेयर खरीदे गये;

(ग) क्या इन कंपनियों को विदेशों से कोई निधियां प्राप्त हुई थीं; और

(घ) यदि नहीं, तो इन कंपनियों को कितने स्रोतों से ये निधियां प्राप्त हुई ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद) (क) और (ख) दिल्ली स्टाक एक्सचेंज द्वारा दी गई सूचना के आधार पर अपेक्षित सूचना विवरण (नीचे देखिए) में दी गई है ।

(ग) और (घ) लिली कमर्शियल प्रा. लि. द्वारा डी.सी.एम. श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड में शेयरों की खरीद के मामले में, डी.सी.एम. श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सूचित किया है कि लिली कमर्शियल प्रा.लि. से यह ज्ञात हुआ है कि उसके द्वारा विदेश से किसी प्रकार की निधियां प्राप्त नहीं की गई हैं और उक्त कंपनी ने शेयरों की खरीद अपनी शेयर पूंजी से की थी । श्रीराम इंडस्ट्रियल एन्टरप्राइसिज लि. ने सूचित किया है कि उन्हें संबंधित दो कंपनियों, जिन्होंने उनके शेयर खरीदे थे, की निधियों के स्रोतों की जानकारी नहीं है ।

भारतीय रिजर्व बैंक की उक्त मामले के बारे में कोई जानकारी नहीं है ।

विवरण

दिल्ली क्लाथ मिलों तथा इसकी सहयोगी कम्पनियों के नाम	प्रश्न में उल्लिखित कम्पनियों द्वारा खरीदे गए शेयरों के ब्यौरे			
	लिली कमर्शियल प्रा. लि.	बुसनेदा कमर्शियल प्रा. लि.	रेन्जर्स कमर्शियल प्रा. लि.	एवरग्रीन
	1	2	3	4
1. डी सी एम श्रीराम कन्सोलिडेटेड लि.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2. डी सी एम लिमिटेड	+	+	+	+
3. डी सी एम श्रीराम इण्डस्ट्रीज लि.	1,02,000	शून्य	शून्य 0	शून्य 50
4. श्रीराम इण्डस्ट्रियल एन्टरप्राइसेज लिमिटेड	शून्य	16,89,183	7,43,311	शून्य